
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# स्वर्गीय उमेश अग्रवाल को याद कर भावुक हुए सीएम

**सेवा दिवस**

## उमेश अग्रवाल फाउण्डेशन की वेबसाइट लाँच

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को महन्त इन्द्रेश हॉस्पिटल के निकट स्थानीय फार्म हाउस में भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष स्व. उमेश अग्रवाल की 60 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित सेवा दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उमेश अग्रवाल फाउण्डेशन की वेबसाइट लाँच कर फाउण्डेशन के पोस्टर का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने फाउण्डेशन की ओर से स्कूली छात्र–छात्राओं को स्कूल बैग एवं ड्रेस भी वितरित किये। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि स्व. उमेश अग्रवाल जनता से जुड़े जन नेता थे, विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में उनका योगदान रहा। अब उनके पुत्र समाज सेवा की दिशा में आगे बढ़ कर स्व. उमेश अग्रवाल के कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उमेश अग्रवाल के नाम पर उनके परिवार द्वारा फाउण्डेशन बनाकर स्कूली छात्रों एवं गरीबों की मदद करने का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज सेवा के लिए उनके परिवारजनों को इसी तरह प्रेरणा मिलती रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज सेवा के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद अजय भट्ट, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक गणेश जोशी, खजान दास, पुष्कर धामी, उमेश शर्मा काऊ, भाजपा महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट, भाजपा नेता अनिल गोयल, राजेन्द्र भण्डारी श्री उमेश अग्रवाल के पुत्र सिद्धार्थ अग्रवाल आदि उपस्थित थे।




### स्व. अग्रवाल की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने किया प्रतिभाग

देहरादून। सोमवार को मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने स्वर्गीय उमेश अग्रवाल की 60वीं जयंती पर स्वर्गीय उमेश अग्रवाल फाउंडेशन की स्थापना के अवसर पर उन्हें याद करते हुए कहा कि 1994 में वे जब गढ़वाल मंडल के प्रभारी नियुक्त हुए थे और भाजपा का प्रारंभिक काल चल रहा था तो उमेश उनके संपर्क में आए थे उसके बाद से वह पार्टी के विभिन्न दायित्वों के साथ ही व्यापार संघ तथा सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे वह स्वयं भी बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करते थे। गरीबों को आर्थिक मदद देते थे। मुख्यमंत्री ने उनके परिवार द्वारा इस अवसर को सेवा दिवस के रूप में मनाने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

## न्यूज डायरी

### जूनियर एक्टिविटी शो में छात्र–छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**संवाददाता** देहरादून। द ओलंपस हाई स्कूल ने आज अपने स्कूल परिसर में जूनियर एक्टिविटी शो का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत प्लेग्रुप से पांचवीं कक्षा तक के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियों के साथ हुई। इस अवसर पर छात्रों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले कई गीत प्रस्तुत किए, जिसमें दुर्गा स्तुति और क्रिसमस केरल जैसे अन्य गीत शामिल रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने कई नृत्यों का प्रदर्शन भी किया जिसके माध्यम उन्होंने भारत की विविधता और समृद्ध विरासत को दर्शाया। इस अवसर पर कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा एक नृत्य प्रदर्शन रहा, जिसे द ओलम्पस हाई के नृत्य शिक्षक मोंटी कुमार द्वारा कोरियोग्राफ किया गया था। इस अवसर पर बाद में छात्रों ने एक नाटकीय प्रदर्शन दिया जो कि मटिल्डा जैसी कहानियों पर आधारित रहा।

### किसान देश की रीढ़, जिसके बिना देश का विकास असम्भवः सुशील राठी

**संवाददाता** हरिद्वार। किसान कांग्रेस की एक बैठक बीती देर रात जगजीतपुर में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जगजीतपुर के पूर्व ग्राम प्रधान दिनेश वालिया और संचालन ललित वालिया ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री सुशील राठी का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं व नारों के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री सुशील राठी ने बैठक में कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ है, किसानों के बिना देश की प्रगति असम्भव है।

### बैठक में नगर निगम की कार्यशैली पर उठाए उठाए

**संवाददाता** रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप रविंद्र नगर श्याम टॉकीज रोड पर दुकानों एवं घरों सहित मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम की दीवार पर नगर निगम द्वारा लगाए गए लाल निशान पर स्वामी नारायण चेतन महाराज के सानिध्य में एक बैठक विधायक राजकुमार ठुकराल की उपस्थिति में आहुत की गई। जिसमें नगर निगम की कार्यशैली पर सभी ने सवाल उठाए। वक्ताओं ने कहा कि नगर निगम द्वारा बरसों से बैठे जनमानस को उजाड़ने का काम किया जा रहा है जिसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि आम गरीबों को उजाड़ने नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में एक प्रतिनिधिमण्डल जिलाधिकारी से मिलेगा और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए शोषण करने वाले खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा।

## आज से हाथी पुल से नहीं गुजरेंगे वाहन

**प्रतिबंध**

### दुपहिया वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध

हरिद्वार। **संवाददाता**

कुम्भ मेलाधिकारी दीपक रावत के निर्देश पर रोड़ीबेलवाला पुलिस ने हाथी पुल से गुजरने वाले रिक्शा, ई–रिक्शा सहित सभी प्रकार के दुपहिया वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध मंगलवार से लगाने जा रही है। जिसके बाद रिक्शा, ई–रिक्शा सहित सभी प्रकार के दुपहिया वाहनों का पुल पर आवाहजाही पूर्ण रूप से रोक दी जाएगी।

इस बात की जानकारी रोड़ीबेलवाला चौकी प्रभारी पवन डिमरी ने देते हुए कहा कि कुम्भ मेलाधिकारी दीपक रावत ने निर्देश पर हाथी पुल पर रिक्शा, ई–रिक्शा सहित सभी प्रकार के दुपहिया वाहन के आवाजाही पर मंगलवार से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।




उन्होंने शहरी की जनता से कुम्भ मेलाधिकारी के निर्देश के पालन करने में पुलिस को सहयोग की अपील की है।

## सरकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार को लगाया शिविर



**संवाददाता** हरिद्वार। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग हरिद्वार द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए ग्राम सिकरोढ़ा विकासखण्ड भगवानपुर में एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भगवानपुर विधायक श्रीमती ममता राकेश उपस्थित रही। सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हरिद्वार गुलशेर अली द्वारा उक्त शिविर में विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री हुनर योजना, उच्च शिक्षा हेतु मौलाना आजाद ब्याज मुक्त ट्टण योजना, कब्रिस्तान की चाहर दीवारी, अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में निर्माण कार्य योजना, अल्पसंख्यक विकास निधि, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेघावी बालिका प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना के विषय में लोगों को जानकारी दी गई है।

### ईसाई धर्म की भावनाएं आहत करने पर जलाया पुतला

**संवाददाता** रुद्रपुर। गदरपुर में टीवी टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में फिल्म अदाकारा रवीना टंडन टीवी कलाकार भारती सिंह और फराह खान द्वारा ईसाई धर्म की भावनाओं को आहत करने से नाराज यीशु भक्त सत्संग सोसाइटी से जुड़े अनुयायियों द्वारा रामजीवन पुरम नंबर 3 मोड गदरपुर के लोगों द्वारा पुतला फूंक कर रोष जताया। सुरेंद्र सागर के नेतृत्व में ईसाई धर्म से जुड़े तमाम अनुयाई हाथों में फिल्म अदाकारा रवीना टंडन, टीवी कलाकार भारती सिंह और फराह खान के पुतले लेकर नारेबाजी करते हुए ग्राम राजीव जीवन पुर तीन से मुख्य मार्ग पर पहुंचे जहां उन्होंने मोड़ पर जोरदार नारेबाजी करते हुए इन तीनों का पुतला फूंक रोष व्यक्त किया कि ईसाई धर्म में जिस शब्द को पूज्य माना जाता है उसको अभद्र तरीके से पेश कर फिल्म अदाकारा रवीना टंडन टीवी कलाकार भारती सिंह और फराह खान द्वारा समाज की भावनाओं को आहत किया गया। पुतला फूंकने के दौरान तमाम ईसाई समुदाय से जुड़े लोग मौजूद थे।

## कुम्भ अपर मेलाधिकारी ने किया निर्माणाधीन चार पुलों का निरीक्षण

**संवाददाता**

हरिद्वार। कुम्भ अपर मेलाधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र द्वारा द्वारा बनाये जा रहे चार पुलों का निरीक्षण किया गया। बस्तीराम पाठशाला के निकट बन रहे पुल के आयरन सैम्पल वेरिटास कम्पनी को लेने के निर्देश दिये। शमशान घाट के बगल बन रहे पुल की कार्य गति धीमी होने पर सम्बन्धित सहायक अभियंता को चेतावनी दी गई। विश्व कल्याण आश्रम के पास बन रहे पुल के कार्य पर गति ठीक पाई गई, किन्तु लैब जल्द से जल्द स्थापित करने के आदेश दिये। सहायक अभियंता संजीव सैनी ने आश्वासन दिया कि यथाशीघ्र लैब बन जाएगी तथा कार्य की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा।



मातृ सदन के पास बन रहे पुल पर साइट का काम होता पाया गया, वेल फाउंडेशन के काम अंतिम चरण में है। वहां पर काम का बोर्ड न होने पर नाराजगी व्यक्त की गई, वहां पर श्रमिकों के टूटे हेलमेट पर साइट इंजीनियर शर्मा को कड़ी फटकार लगाई तथा श्रमिकों के वेलफेयर को भी मानक के अनुसार सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के समय मेला तकनीकी सेल के अधीक्षण अभियंता हरीश पांगती ने भी तकनीकी निर्देश निर्गत किये।

पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता अनिता भण्डारी व पुरोहित सहित एजेंसी के ठेकेदार भी मौजूद रहे।